UPBB010029032022

न्यायालयः– अपर जिला न्यायाधीश, न्यायालय कक्ष संख्या 4, बाराबंकी।

प्रकीर्ण सिविल वाद संख्या– 85 / 2022

मो० अशफाक अहमद **बनाम** श्रीमती ताजबानों

18.04.2026

पत्रावली पेश हुई। पुकार पर आवेदक की ओर से कोई उपस्थित नहीं । विपक्षी जरिये विद्वान अधिवक्ता उपस्थित । विपक्षी की ओर से कथन किया गया कि आवेदक बार बार अनुपस्थित होता रहता है, आज भी उपस्थित नहीं आया है, स्थगन प्रार्थना पत्र भी नहीं दिया गया है । याचना की गयी कि आवेदक की अनुपस्थिति में वाद निरस्त कर दिया जाये।

सुना । पत्रावली का सम्यक अवलोकन किया ।

पत्रावली के अवलोकन से पाया जाता है कि प्रश्नगत प्रकीर्ण सिविल वाद आवेदक द्वारा विपक्षी के विरूद्ध अन्तर्गत धारा -30(1) एक्ट नम्बर-13 / 1972 के तहत संस्थित किया गया है । पत्रावली के अवलोकन से यह भी पाया जाता है कि आवेदक बार बार अनुपस्थित होता रहा है । उसे अन्तिम अवसर भी दिया जा चुका है । आज भी बार बार पुकार कराये जाने के उपरान्त आवेदक की ओर से कोई उपस्थित नहीं आया । कोई स्थगन प्रार्थनापत्र भी प्रस्तुत नहीं किया गया है । ऐसा दर्शित होता है कि आवेदक को वाद की कार्यवाही आगे चलाये जाने में कोई रूचि नहीं है । अतः प्रश्नगत प्रकीर्ण सिविल वाद आवेदक की अनुपस्थिति में निरस्त किया जाता है। पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो ।

(परशुराम)
अपर जिला न्यायाधीश,
न्यायालय सं.04,बाराबंकी।
J.O Code No. UP6451